<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# इरेडा को डीपीई से 'उत्कृष्ट' रेटिंग मिली, शीर्ष 4 सीपीएसई में स्थान मिला और पावर और एनबीएफसी क्षेत्र में नंबर 1

नई दिल्ली, 21 मई, 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा ), देश की सबसे बड़ी विशुद्ध ग्रीन फाइनेंसिंग एनबीएफसी है, को सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा वित्तीय  वर्ष 2023-24 के लिए कंपनी द्वारा हस्ताक्षरित वार्षिक प्रदर्शन एमओयू के लिए पावर और एनबीएफसी क्षेत्र के सीपीएसई के बीच शीर्ष प्रदर्शनकर्ता के रूप में मान्यता दी गई है।

वित्तीय  वर्ष 2023-24 के लिए डीपीई द्वारा जारी सूची के अनुसार, जिसमें 84 सीपीएसई की रेटिंग शामिल है, इरेडा देश के शीर्ष 4 सीपीएसई में शामिल है, जिसने 98 और उससे अधिक अंक प्राप्त किया है। इरेडा को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए निरंतर  चौथे वर्ष  के लिए दिनांक 7 जनवरी 2025 को एमओयू 'उत्कृष्ट' रेटिंग प्राप्त हुई। डीपीई द्वारा अब 84 सीपीएसई की समेकित सूची जारी की गई है।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के बारे में प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि, "एनबीएफसी और पावर सेक्टर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सीपीएसई के रूप में मान्यता प्रदान करने  और 98 और उससे अधिक स्कोर सहित  देश के शीर्ष 4 सीपीएसई में शामिल होने पर हमें अपार खुशी है। यह उपलब्धि भारत के नवीकरणीय ऊर्जा के विकास के लिए तेजी लाने के लिए हमारी टीम के सामूहिक समर्पण और रणनीतिक विजन  को दर्शाती है। यह रेटिंग ग्रीन फाइनेंसिंग के क्षेत्र के लिए इरेडा के नेतृत्व और अभिनव और सतत  ऊर्जा समाधानों का समर्थन करके राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।"

इरेडा के सीएमडी ने  इरेडा के टीम को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और माननीय केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता मामले और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री, श्री प्रहलाद जोशी; माननीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री, श्री श्रीपद नाइक; एमएनआरई के सचिव, श्री संतोष कुमार सारंगी ; मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों; और निदेशक मंडल को उनके समर्थन और अमूल्य मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

**********